Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 25-08-2005

Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram

Title : Alleged irregularities in "Food for work" Programme.

श्री हंसराज जी.अहीर (चन्द्रपुर) : महोदय, मैं आपके माध्यम से ग्रामीण विकास मंत्री तथा कृगि मंत्री जी का इस ओर ध्यान आकर्गित करना चाहता हूँ अपने देश में ग्रामीण जनता को रोजगार देने के लिए काम के बदले में अनाज योजना चल रही है, जिसमें जनता को काम के बदले में अनाज दिया जाता है। वह ग्रामीणों के हित में चलने वाली योजना है। इसमें कोई संशय की बात नहीं है कि सरकार यह जो योजना चला रही है, वह बहुत अच्छी है। लेकिन इस कार्यक्रम को चलाते समय, गरीब मजदूरों के लिए जो अनाज दिया जाता है, उसमें भारी चोरी और कालाबाजारी हो रही है। अनेक स्थानों पर, अनेक जिला पंचायतों में बोगस मजदूरों के नाम लिखकर अनाज को गलत तरीके से मार्केट में बेचा जा रहा है। अनेक स्थानों पर ऐसी शिकायतें मिली हैं कि मजदूरों को मिलने वाले कूपन को व्यापारी लोग परचेज करके सस्ते दामों पर अनाज प्राप्त करते हैं और उसे मंडियों में बेच रहे हैं। इससे जहां एक ओर अनाज की चोरी और कालाबाजारी हो रही है, वहीं जो किसान मेहनत करके अनाज का उत्पादन करते हैं, उस अनाज - गेहूं, चावल आदि - के दाम मार्केट में गिरते जा रहे हैं, अनाज सस्ता होता जा रहा है। इसलिए किसान की आय कम होती जा रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह कहना चाहूँगा कि इस अच्छी योजना को चलाने के लिए कानून सख्त किए जाएं जिससे कालाबाजारी और चोरी रूके। जिस तरह से बोगस मजदूरों का नाम लिखकर हेराफरी हो रही है, सख्त से सख्त नियम और कानून बनाकर उसको रोका जाए।